# पाठ 2. शब्द बोध

## पाठ का उद्देश्य

इस पाठ द्वारा बच्चे दो वर्णों वाले, तीन वर्णों वाले तथा चार वर्णों वाले शब्दों का पुनराभ्यास कर पाएँगे। यह पाठ पिछली कक्षा की पुनरावृत्ति है।

## अध्यापन संकेत

बच्चों को दो वर्णों वाले, तीन वर्णों वाले तथा चार वर्णों वाले शब्द उच्च स्वर में पढ़ने को कहें। प्रत्येक बच्चे को उच्चारण का अवसर दें तथा बच्चों को वर्ण मिला-मिलाकर पढ़ने के लिए प्रेरित करें। वर्णों के अभ्यास के लिए पाठ में दी गई छोटी-छोटी पंक्तियाँ पहले स्वयं पढ़ें फिर बच्चों को अपने साथ दोहराने को कहें। शब्दों से जुड़ी भिन्न-भिन्न गतिविधियाँ भी करवाई जा सकती हैं। प्रत्येक बच्चे पर ध्यान दें कि उसे शब्द पढ़ने में कठिनाई तो नहीं हो रही है।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।